अति तत्काल

सं. 1/34/1/2018-मंत्रि.

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 14 मई, 2018

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि 14 मई, 2018 से:

(i) श्री अरुण जेटली ने वित्त मंत्री; और कारपोरेट कार्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है और निर्विभाग मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है;

(ii) श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने सूचना और प्रसारण मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है। वे वस्त्र मंत्री के पद पर बनी रहेंगी;

(iii) श्री पीयूष गोयल ने वित्त मंत्री; और कारपोरेट कार्य मंत्री के पद का कार्यभार अस्थाई रूप से ग्रहण कर लिया है। यह व्यवस्था श्री अरुण जेटली की अस्वस्थता की अवधि के दौरान प्रभावी रहेगी। श्री पीयूष गोयल रेल मंत्री; और कोयला मंत्री के पद पर बने रहेंगे;

(iv) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर बने रहेंगे;

(v) श्री एल्फोंस कन्ननथानम ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है। वे पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर बने रहेंगे; और

(vi) श्री एस.एस. अहलुवालिया ने पेय जल और स्वच्छता मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष: 2301 9170

सेवा में

मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्य ।

प्रतिलिपि, उपाध्यक्ष, नीति आयोग को सूचनार्थ प्रेषित।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
कृते मंत्रिमंडल सचिव

..2/-

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:
राष्ट्रपति के सचिव।
उप-राष्ट्रपति के सचिव।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
अवर सचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित:
प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव।
प्रधान मंत्री के अपर प्रधान सचिव।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
अवर सचिव

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी सचिवों/ विशेष सचिवों/ अपर सचिवों/ अध्यक्ष, रेल बोर्ड/ लेखा अधिकारी, वेतन एवं लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल कार्य को सूचनार्थ प्रेषित।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
अवर सचिव

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ लोक सभा सचिवालय (संवितरण शाखा एवं प्रश्न शाखा)/ राज्य सभा सचिवालय (संवितरण शाखा एवं प्रश्न शाखा)/ स्थापना अधिकारी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग/ विदेश मंत्रालय (प्रोटोकॉल प्रभाग)/ पत्र सूचना कार्यालय/ अनुभाग अधिकारी, एनजीओ अनुभाग, प्रधान मंत्री कार्यालय को प्रेषित।

मनोज

(मनोज कुमार बंसल)
अवर सचिव

शिवम्
400 प्रतियां